—मथुरा रिफाइनरी द्वारा पर्यावरणीय प्रबंध को बढ़ावा देना ।

—उद्योगों के लिए प्राकृतिक गैस उपलब्ध कराना ।

—वाहनों के लिए संपीडित प्राकृतिक गैस उपलब्ध कराना ।

—मथुरा रिफाइनरी के लिए स्वच्छ धन ।

—मथुरा रिफाइनरी के लिए हाइड्रोक्रेकिंग प्रौद्योगिकी की स्थापना ।

—एशिया विकास बैंक के परामर्श पर्यावरणीय प्रबंध के लिए वैकल्पिक तियों का पता लगाना ।

यद्यपि, मंत्रालय यह बताने की स्थिति में नहीं है कि उपरोक्त उपायों से ताजमहल की कितनी सुरक्षा होगी फिर भी यह माना जा सकता है कि इन उपायों के फलस्वरूप बेहतर और स्वच्छ पर्यावरण में ताज महल को होने वाले संभावित खतरे अवश्य ही कम हो जाएंगे ।

गुजरात को जलमल निकास योजनाओं को शामिल किया जाना

4528. **श्री गोपाल सिंह जो० सोलंकी :** क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनके मंत्रालय के पास गुजरात की जल-मल निकास प्रणाली संबंधी कोई योजनाएं आठवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल करने हेतु लंबित पड़ी हैं ;

(ख) क्या सरकार को 31 दिसम्बर, 1994 की स्थिति के अनुसार कोई प्रतिअभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं ;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(घ) प्रत्येक योजना पर कितना धन व्यय होने की संभावना है और सरकार द्वारा इन योजनाओं को आठवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल करने के लिए क्या कदम उठाए उठाए गए हैं ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) गुजरात राज्य सरकार ने राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना के अन्तर्गत साबरमती नदी के अहमदाबाद में अभिनिर्धारित किए गए प्रदूषित क्षेत्रों के प्रदूषण निवारण का एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना 8वीं, 9वीं और 10वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान जारी रहेगी ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना के अन्तर्गत गुजरात में साबरमती नदी के अहमदाबाद क्षेत्र में प्रदूषण निवारण कार्य की अनुमानित लागत लगभग 99 करोड़ रुपये है। राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना केन्द्र सरकार के विचाराधीन है।

शहरों में प्रदूषण संबंधी सर्वेक्षण

4529. **श्री शिवप्रसाद चनपुरिया :** क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने हाल ही में जबलपुर शहर में प्रदूषण के बारे में कोई सर्वेक्षण कराया है और इसे सर्वाधिक प्रदूषण वाले शहरों की श्रेणी में रखा है ;

(ख) यदि हां, तो यह सर्वेक्षण कब कराया गया था और इस सर्वेक्षण के अन्य निष्कर्ष क्या थे ;

(ग) देश में अन्य कौन-कौन से शहरों में ऐसा सर्वेक्षण कराया गया था और उनके क्या निष्कर्ष निकले ;

(घ) वायु प्रदूषण में मौजूद निलम्बित धूलकण, नाइट्रोजन के आक्साइड और सल्फर डाइ आक्साइड के आधार पर प्रदूषण तथा उसके अनुपात का ब्यौरा क्या है ;

(ङ) क्या सरकार सर्वेक्षण किए गए प्रदूषित शहरों को प्रदूषण मुक्त करने संबंधी किसी योजना पर विचार करने का